Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:37 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:16 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 111 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 19 अक्टूबर 2024

आलिया की जिगरा पर भारी...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### लखनऊ-चंडीगढ़ सहित 20 ट्रेनों का संचालन आज से रहेगा प्रभावित



**लखनऊ।** चंडीगढ़ स्टेशन पर चल रहे काम की वजह से यूपी से उस तरफ जा रहीं 20 से अधिक ट्रेनों का संचालन आज से प्रभावित होगा। उन ट्रेनों की लिस्ट जान लीजिए। उत्तर रेलवे के चंडीगढ़ स्टेशन पर निर्माण कार्यों के लिए ट्रैफिक ब्लॉक लिया गया है। इस वजह से लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस सहित इस रूट की 20 ट्रेनों का शनिवार से 24 अक्तूबर तक संचालन प्रभावित रहेगा। सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि 14217 प्रयागराज संगम-चंडीगढ़ एक्सप्रेस 17 व 22 को रास्ते में 25 मिनट और 12231 लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस 40 मिनट रोककर चलाई जाएगी। वहीं, 15531 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस को 20 को, 15532 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस को 21 को अस्थायी रूप से साहेबजादा अजित सिंह नगर मोहाली स्टेशन पर ठहराव दिया जाएगा। 12231 लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस, 14217 प्रयागराज संगम-चंडीगढ़ ऊंचाहार एक्सप्रेस और 15011 लखनऊ जंक्शन चंडीगढ़ एक्सप्रेस को 23 अक्तूबर तक घग्गर स्टेशन पर अस्थायी रूप से रुकेगी। 12232 चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस, 14218 चंडीगढ़-प्रयागराज जंक्शन ऊंचाहार एक्सप्रेस व 15012 चंडीगढ़-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस 19 से 24 तक घग्गर स्टेशन पर अस्थायी रूप से रुकेगी। 12231 लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस, 14217 प्रयागराज संगम-चंडीगढ़ ऊंचाहार एक्सप्रेस 24 से 26 तक, तो 12232 चंडीगढ़- लखनऊ एक्सप्रेस, 14218 चंडीगढ़-प्रयागराज जंक्शन ऊंचाहार एक्सप्रेस को 25 से 27 तक घग्गर स्टेशन पर अस्थायी रूप से ठहराव दिया गया है।

# शोपीस बने ट्रैफिक लाइट, एक करोड़ रुपये की धनराशि हुई बर्बाद

उत्तरांचल दीप
सलीम खान,हल्द्वानी

जनता के पसीने की कमाई सरकारी तंत्र ने ने पानी में बहाई, जनता के धन की बर्बादी का एक और मामला प्रकाश में आया है, जब हल्द्वानी के 13 प्रमुख चौराहों पर साढ़े तीन साल पहले लगाई गई ट्रैफ़िक लाइटों को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वर्ष 2020-21 में एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत से स्थापित इन लाइटों का उद्देश्य था, शहर में लगातार लगने वाले ट्रैफ़िक जाम से राहत प्रदान करना।

हालांकि, ये लाइटें न केवल अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाईं, बल्कि शहर में जाम की समस्या को और बढ़ाने का कारण बन गईं। लाइटों की जलने और बंद होने की टाइमिंग में खामियों और सही स्थान पर न लगाए जाने के चलते जाम की स्थिति अक्सर उत्पन्न हो रही थी। स्थानीय पुलिस विभाग अब सड़क चौड़ीकरण का बहाना बनाकर अपने दामन को बचाने की कोशिश कर रहा है,




*स्ट्रीट लाइटे लगाने में कितना खर्च आया है इसकी जानकारी नहीं है यह जानकारी पुलिस मुख्यालय से मिल सकती है यहां किसी प्रकार की जानकारी उपलब्ध नहीं है। **-प्रकाश चंद्र अपर पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी***

जबकि जनता की मेहनत की कमाई का एक करोड़ रुपये से अधिक का यह धनराशि बेकार चला गया। बताया गया है कि इन लाइटों के लगाने में न तो विशेषज्ञों की राय ली गई और न ही ट्रैफ़िक से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों से कोई मशवरा किया गया। प्रशासनिक लापरवाही का यह मामला न केवल जनता के लिए परेशानी का सबब बना, बल्कि यह दर्शाता है कि कैसे बिना उचित योजना और विशेषज्ञता के कार्य किए जाने से सरकारी धन की बर्बादी होती है। अब यह सवाल उठता है कि इस मामले में जिम्मेदार कौन होगा?

### किसी भी चौराहे की ट्रैफिक लाइट नहीं जल रही

**हल्द्वानी।** शहर के अलग-अलग चौराहों पर लगाई गई ट्रैफिक लाइट धन की बर्बादी का सबब बन गई है। जिन-जिन स्थानों पर लाइटें लगाई गई हैं, उनमें से एक भी लाइट नहीं जल रही है जिसने पूरे सिस्टम की कार्यप्रणाली परसवाल खड़े कर दिए हैं।

### औचित्यहीन साबित होकर रह गई ट्रैफिक लाइट

**हल्द्वानी।** शहर के 13 चौराहों पर लगाई ट्रैफिक लाइट धन की बर्बादी का कारण बन गई हैं। यातायात व्यवस्था को दुरूस्थ करने के मकसद से लगाई गई सिग्नल लाइटें लगाई थी, लेकिन ये औचित्यहीन साबित होकर रह गई हैं। जनता की गाढ़ी कमाई बेवजह पानी में बहा दी गई।

एक्यूआई पहुंचा 300 के पार

# दिल्ली में बढ़ रहा सांसों पर संकट, छाई धुंध की चादर

नई दिल्ली
एजेंसी

अक्षरधाम और आसपास के इलाकों में धुंध की एक परत छा गई है। जिससे इलाके का एक्यूआई 334 तक पहुंच गया है। राजधानी में सर्दी शुरू होने से पहले ही हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई है।

ऐसे में आने वाले दिनों में लोगों को सांस लेने में और परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अक्षरधाम और आसपास के इलाकों में धुंध की एक परत छा गई है। जिससे इलाके का एक्यूआई 334 तक पहुंच गया है। जिसे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार बहुत खराब श्रेणी में रखा गया है। वहीं, आईटीओ क्षेत्र में धुंध की एक पतली परत छाई है। जिससे वायु गुणवत्ता सूचकांक 226 पर पहुंच गया है। जिसे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार खराब श्रेणी में रखा गया है। इंडिया गेट इलाके में एक्यूआई 251 पर पहुंच गया। आनंद विहार बस स्टेशन के सामने क्षतिग्रस्त सड़कें, वाहनों के आवागमन से धूल उत्पन्न होना। चौधरी चरण सिंह मार्ग पर जाम की समस्या, सड़क के किनारों पर धूल का जमाव, एनसीआरटीसी कंस्ट्रक्शन साइट प्रोजेक्ट, रेलवे एसटीपी के पास कच्चा क्षेत्र, एकीकृत पूर्वी दिल्ली हब प्रोजेक्ट, रेलवे स्टेशन के निकास पर जाम प्रदूषण के स्रोत हैं। भीकाजी कामा प्लेस इलाके में एक्यूआई 273 दर्ज किया गया है। वहीं, एम्स क्षेत्र के पास धुंध की एक पतली परत दिखाई दे रही है तथा आसपास के क्षेत्रों में एक्यूआई 253 पर पहुंच गया है।



### 80 मोबाइल एंटी स्मॉग गन से रोकेंगे प्रदूषण

राजधानी में प्रदूषण के 13 हॉटस्पॉट हैं। यहां प्रदूषण कम करने के लिए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने समन्वय समितियां बनाई हैं। उन्होंने शुक्रवार को संबंधित विभागों के साथ बैठक की। राय ने बताया कि धूल प्रदूषण कम करने के लिए राजधानी में 80 मोबाइल एंटी स्मॉग गन लगाई गई हैं। एमसीडी के डीसी को सभी संबंधित अधिकारियों के साथ हॉटस्पॉट का लगातार दौरा करने का निर्देश दिया गया है।

# उत्तराखंड में जल्द लागू होगा यूसीसी, सीएम धामी को सौंपा फाइनल ड्राफ्ट

देहरादून
हमारे संवाददाता

यूसीसी नियमावली एवं क्रियान्वयन समिति की अंतिम बैठक के बाद नियमावली को प्रकाशन के लिए भेजा गया था, जिसे आज सीएम धामी को सौंप दिया गया है।

उत्तराखंड में अब जल्द ही समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होने जा रहा है। आज शुक्रवार(18 अक्तूबर) को विशेषज्ञ समिति ने यूसीसी नियमावली का ड्राफ्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंप दिया है। सीएम धामी ने कहा कि सभी को समान न्याय और समान अवसर मिले इसके लिए यूसीसी लागू किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हाल ही में घोषणा की थी कि सरकार नौ नवंबर को उत्तराखंड स्थापना दिवस पर यूसीसी लागू करना चाहती है। ऐसे में अब समीति के फाइनल नियमावली का ड्राफ्ट सौंपने के बाद पूरी उम्मीद जताई जा रही है कि यूसीसी उत्तराखंड में नौ नवंबर को लागू हो जाएगा।

नियमावली में मुख्य रूप से चार भाग हैं। जिसमें विवाह एवं विवाह-विच्छेद लिव-इन रिलेशनशिप, जन्म एवं मृत्य पंजीकरण तथा उत्तराधिकार संबंधी नियमों के पंजीकरण संबंधी प्रक्रियाएं हैं।



# बागेश्वर, नानकमत्ता के बाद लोहाघाट में तीन वर्षीय बच्चे को उठा ले गया गुलदार

चम्पावत
हमारे संवाददाता

पहाड़ से लेकर मैदान तक गुलदार और बाघ लोगों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। जंगलों से निकाल बाघ और गुलदार लोगों के घरों तक पहुंच रहे हैं। गुरुवार को एक ही दिन में गुलदार ने दो घटनाओं में दो मासूमों की जान ले ली। बागेश्वर जिले की कांडा तहसील में गुलदार ने 3 साल की बच्ची को मार डाला। उधर उधमसिंह नगर जिले के नानकमत्ता इलाके में 14 साल के किशोर को भी गुलदार ने अपना निवाला बना लिया।

ताजा घटना चंपावत जनपद से सामने आई है जहां शुक्रवार देर शाम लोहाघाट में रायकोट कुंवर गांव में घर के आंगन में खेल रहे तीन वर्षीय एक बच्चे पर गुलदार ने हमला बोल दिया। गुलदार का हमला देख परिवार वाले किसी तरह से गुलदार के जबड़े से बच्चे को छुड़ाया। घायल बच्चे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल चंपावत रेफर किया गया है। जहां इलाज चल रहा है। घटना की सूचना वन विभाग को दी गई है जहां वन विभाग की टीम आसपास के क्षेत्र में गस्त बढ़ाया है।



# अमेरिका व कनाडा के लोगों को फ्लाइट बुकिंग कर ठगने वाले तीन दबोचे

देहरादून
हमारे संवाददाता

कैनाल रोड पर बचत स्टोर बिल्डिंग के तृतीय तल पर एक अवैध इंटरनेशनल कॉल सेंटर संचालित होने की सूचना मिली थी। बताया गया था कि यहां से विदेशी लोगों को अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट बुक करने के नाम से ठगी की जा रही है।

अमेरिका और कनाडा के लोगों से ठगी के लिए इस्तेमाल हो रहे अवैध कॉल सेंटर का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार किया जबकि 47 कर्मचारियों को नोटिस दिए गए हैं। मौके से 48 मॉनिटर, सीपीयू आदि बरामद हुए हैं। आरोपी विदेशी लोगों से फ्लाइट बुक कराने के नाम पर ठगी करते थे। इनके खातों में लाखों डॉलर का लेनदेन भी मिला है। कॉल सेंटर का मालिक दिल्ली में रहता है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास भी कर रही है। एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने इस मामले में पत्रकार वार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैनाल रोड पर बचत स्टोर बिल्डिंग के तृतीय तल पर एक अवैध इंटरनेशनल कॉल सेंटर संचालित होने की सूचना मिली थी। बताया गया था कि यहां से विदेशी लोगों को अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट बुक करने के नाम से ठगी की जा रही है।



इस पर एसएसपी अजय सिंह ने एसओ राजपुर पीडी भट्ट के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया। मौके पर पहुंचे तो यहां पर पीसीएम वर्ल्डवाइड फ्लाइट लिमिटेड पर दबिश दी गई। यहां पर 65 केबिन बने हुए थे। इनमें युवक और युवतियां लोगों को कॉल कर उनके डेबिट व क्रेडिट कार्ड की जानकारी हासिल कर रहे थे। मौके से पुलिस ने विकास उर्फ फिलिप, मोहम्मद मोनिश उर्फ जॉन और मन्नू यादव उर्फ रॉब को हिरासत में लिया। इनसे मिली जानकारी के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया। एसपी सिटी ने बताया कि मुख्य आरोपी विकास उर्फ फिलिप ने बताया कि वह कॉल सेंटर का मैनेजर है। कॉल सेंटर से अमेरिका और कनाडा के लोगों को कॉल किया जाता है। वे सब खुद को पीसीएम वर्ल्डवाइड फ्लाइट लिमिटेड एजेंसी का अधिकारी बताते हैं। अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट बुकिंग करने के नाम पर उनके क्रेडिट व डेबिट और वीजा कार्ड की जानकारी ली जाती है। वे कुछ शहरों की फ्लाइट बुक करते हैं। जबकि, बाकी ज्यादातर लोगों से पैसे लेकर फ्लाइट बुक नहीं करते हैं। इस तरह से अपने विदेशी ग्राहकों से वह लाखों रुपये की धोखाधड़ी करते हैं।

# कुमाऊं विवि में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

नैनीताल
हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा उद्योग जगत की वर्तमान आवश्यकताओं और भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए स्किल डेवलपमेंट और प्रोफेशनल कोर्सेज के पुनर्गठन पर एक महत्वपूर्ण दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारंभ शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने किया।

बता दें कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को समकालीन व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना और उन्हें आधुनिक तकनीकों तथा कौशलों में दक्ष बनाना हैए ताकि वे प्रतिस्पर्धी उद्योग जगत में अपने लिए बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। कार्यशाला के संयोजक और डीन अकादमिक प्रो. संतोष कुमार ने कार्यशाला की अवधारणा और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथए विश्वविद्यालय को अपने पाठ्यक्रमों में उन आवश्यकताओं का समावेश करना होगा जो विद्यार्थियों को व्यावसायिक और तकनीकी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक हैं। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को उद्योग जगत की उभरती मांगों के बारे में जागरूक किया जाएगा जिससे पाठ्यक्रमों में सुधार किया जा सके।

अपने संबोधन में कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि विश्वविद्यालयों की भूमिका अब केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं रह गई है। आज की इंडस्ट्री उन युवाओं को प्राथमिकता देती है जो व्यावसायिक कौशल और तकनीकी दक्षताओं में निपुण हों। इसलिए कुमाऊँ विश्वविद्यालय ने इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन और नवीनीकरण करने की दिशा में यह पहल शुरू की है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल सैद्धांतिक रूप से सक्षम बनाना है बल्कि उन्हें व्यावहारिक कौशल भी प्रदान करना है ताकि वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसरों को बेहतर तरीके से प्राप्त कर सकें। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विश्वविद्यालय छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और इस तरह के कार्यशालाएं विद्यार्थियों को आधुनिक व्यावसायिक और तकनीकी वातावरण में कार्य करने के लिए आवश्यक कुशलताओं से लैस करेंगी।

इस दौरान गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपतिए प्रो. बी.एस. बिष्ट ने शिक्षा और उद्योग के बीच के अंतर को पाटने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा वर्तमान समय मेंए उद्योग और शिक्षा के बीच एक मजबूत सेतु बनाने की आवश्यकता है जिससे हमारे विद्यार्थी सीधे तौर पर उद्योग की मांगों को समझ सकें और उनके लिए आवश्यक कौशल को हासिल कर सकें। इस प्रकार की कार्यशालाएं इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। सन फ र्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. मोहन प्रसाद ने कहा आज की इंडस्ट्री को ऐसे युवाओं की आवश्यकता है जो न केवल शैक्षिक रूप से निपुण होंए बल्कि व्यावहारिक समस्याओं का समाधान निकालने में भी कुशल हों। हमें ऐसे प्रोफेशनल्स चाहिए जो नवाचार में सक्षम हों और नए आइडिया को लागू करने की क्षमता रखते हों। विश्वविद्यालयों को इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाने की जरूरत है। प्रथम तकनीकी सत्र का संचालन झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयए रांची और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ के पूर्व कुलपति प्रो. पी.के.मिश्रा ने किया।

उद्घाटन सत्र का सञ्चालन सहायक निदेशक यूजीसी.एमएमटीटीसी डॉ. रितेश साह द्वारा किया गया जबकि तकनीकी सत्रों का कुशल सञ्चालन संकायाध्यक्ष बायोमेडिकल संकाय डा. महेंद्र सिंह राणा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उद्योग जगत से भी कई प्रमुख हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।




## छात्रों को प्रेसीडेन्ट कप-2024 वॉलीबाल जीतने पर सम्मानित किया

भीमताल
हमारे संवाददाता

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी परिसर के छात्रों को प्रेसीडेन्ट कप-2024 वॉलीबाल जीतने पर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता देहरादून में आयोजित की गई थी जहां भीमताल परिसर की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में परिसर निदेशक कर्नल सेवानिवृत्त अनिल कुमार नायर ने छात्रों को सम्मानित करते हुए 10,000 की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की। उन्होंने खेलों को छात्रों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए, उन्हें विभिन्न खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान कार्यक्रम का संचालन निधि जोशी द्वारा किया गया, वही स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर मोहित पत, गोविंद जेठी, रामानुज तिवारी, संदीप बिष्ट,डॉ. फरहा खान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## छात्र संघ चुनाव तिथि व अधिसूचना की मांग पर आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी

नैनीताल
हमारे संवाददाता

छात्र संघ चुनाव की तिथि और अधिसूचना जारी किए जाने की मांग को लेकर एक बार फिर कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के छात्रों ने शुक्रवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे उग्र छात्रों ने राज्य सरकार पर चुनाव को जानबूझकर बिलंब करने का आरोप लगाते हुए उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत के खिलाफ जमकर नारे लगाए।

प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है शिक्षा कैलेंडर के आधार पर छात्र संघ चुनाव अगस्त में हो जाने चाहिए लेकिन अब तक चुनाव नहीं कराए गए हैं जिससे छात्र संघ कार्यकाल और कॉलेज के पठन-पाठन कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है जिसके लिए लगातार छात्र चुनाव की तिथि घोषित किए जाने की मांग कर रहे हैं लेकिन जानबूझकर सरकार छात्र संघ चुनाव में देरी कर रही है। प्रदर्शन कर रहे छात्र अभिषेक का कहना था पूर्व में चुनाव की तिथि घोषित किए जाने की मांग को लेकर छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर में भूख हड़ताल की थी जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र संघ चुनाव 25 अक्टूबर को कराए जाने का आश्वासन दिया था लेकिन अब तक छात्र संघ चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं हुई है जिसको लेकर पूर्व में छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के कुलपति समेत उच्च अधिकारियों से मुलाकात की लेकिन अब तक चुनावी अधिसूचना जारी नहीं हुई है जिसको देखते हुए छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों का कहना है अगर जल्द से जल्द छात्रसंघ चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं हुई तो छात्र विश्वविद्यालय में उग्र आंदोलन करेंगे अगर जरूरत पड़ी तो छात्र आत्मदाह जैसा आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर होंगे। मामले को लेकर गुस्साएं छात्र नेताओं की कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत से वार्ता हुई। कुलपति प्रो.रावत ने कहा कि यह मामला शासन स्तर का है,वह स्वयं मामले को लेकर गंभीर हैं,कहा कि छात्रों की भावनाओं को शासन को अवगत करा दिया जाएगा। दूसरी ओर छात्र नेताओं का कहना है कि अगर सोमवार तक मामले में कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गयी तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

## NEWS / फटाफट

### दानपात्र तोड़ कर रुपये चुराए

**अल्मोड़ा।** तहसील रानीखेत अंतर्गत सोनी के तल्ला डाबर गांव के देवी मंदिर में सोमवार देर रात चोरों ने मंदिर का गेट और दानपात्र का ताला तोड़ धनराशि पर हाथ साफ कर लिया। पुजारी कैलाश चंद्र पपने ने बताया कि चोर दानपात्र में जमा धनराशि ले गए। उन्होंने बताया कि जब वह सुबह पूजा करने गए तो मंदिर के ताले टूटे देखकर उन्होंने प्रधान बीना देवी को मामले की सूचना दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने मंदिर के गेट का भी ताला तोड़ दिया। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने घटना की निंदा की है और प्रशासन से जल्द आरोपियों को पकड़ने की मांग की है। हेमंत सिंह महरा, तहसीलदार ने बताया कि रानीखेत ग्रामीणों ने मामले की सूचना राजस्व उप निरीक्षक गोविंद सिंह को दी है। राजस्व उपनिरीक्षक बुधवार को मौके पर जाएंगे। जल्द ही आरोपियों को पकड़ कर मंदिर से चुराई गई धनराशि को वापस लाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### वाल्मीकि शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से किया स्वागत

**काशीपुर।** भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह समिति की ओर से भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा महेशपुरा स्थित वाल्मीकि सभा भवन से शुरू हुई। लोगों ने रास्ते में पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इससे पहले बीते बृहस्पतिवार को वाल्मिकी सभा भवन में सत्संग का आयोजन किया गया था। यहां पर डीपी रत्नाकर, महेंद्र बेदी, उमेश सौदा, जितेंद्र देवांतक, सुमित सौदा, रवि कुमार बेदी आदि शामिल रहे। उधर, बाजे-गाजे के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता व समाजसेवी शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने वाल्मीकि भवन के पास शोभायात्रा का स्वागत किया। यहां पर भास्कर त्यागी, देवांग मिश्रा, कर्तव्य मिश्रा, विवेक कुमार मिश्रा, संजीव कुमार, पंकज कश्यप आदि मौजूद रहे।

### रुद्रपुर में हैंडबॉल टूर्नामेंट 2024 का आयोजन



**रुद्रपुर।** पुलिस लाइन हैंडबॉल में आयोजित प्रथम स्व॰ विमल कुमार मेमोरियल हैंडबॉल टूर्नामेंट 2024 का शुभारंभ एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, उपसेनानायक डॉ उत्तम सिंह नेगी, सीपीयू इंचार्ज राकेश बिष्ट,हैंडबॉल कोच सुनील पाठक,सीसी योगेंद्र देव, पीसी.श्याम पाल,आरआई मनीष शर्मा, पीजी कॉलेज स्पोर्ट्स टीचर प्रोफेसर राजेश पांडे ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस प्रतियोगिता में नैनीताल, हल्द्वानी, मुजफ्फरनगर,आर्मी 11, कोटद्वार , देहरादून, रुद्रपुर, पीजी कॉलेज रुद्रपुर की टीम प्रतिभाग कर रही है। उद्घाटन मैच कोटद्वार व रुद्रपुर स्टेडियम के बीच खेला गया। 18-10 से विजय रहा जिसके रेफरी जगदीश बिष्ट व सुनील टम्टा थे। पुलिस हैंडबॉल टीम के वीरू, विपिन,सूरज,मोहित,कमल, नीरज, सुनील,मनोज, अमित, प्रदीप,कौशल,दीपक, संदीप, जीतू मौजूद रहे। टूर्नामेंट के आयोजकों के मुताबिक आज फाइनल मुकाबला होगा। फाइनल मुकाबले में रुद्रपुर स्टेडियम और आर्मी 11 के बीच खेला जाएगा।

### एम्स ऋषिकेश के स्वास्थ्य शिविर में 410 मरीजों का उपचार

**किच्छा।** एम्स ऋषिकेश की ओर से बरेली रोड पर स्थित एक बरातघर में लगे स्वास्थ्य शिविर में डाक्टरों ने 410 मरीजों की जांच की। इस दौरान मरीजों को दवा वितरित की गई। शिविर में हेपेटाइटिस सी के मरीजों की संख्या अधिक पाई गई। इससे पहले सांसद अजय भटट ने शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान डॉक्टर संतोष कुमार ने बताया कि हेपेटाइटिस व शुगर के मरीज अधिक मिले जो चिंताजनक बात है। कुल मरीजों में से सात से आठ प्रतिशत मरीज हेपेटाइटिस सी की बीमारी से ग्रस्त मिले, जो काफी चिंताजनक है। प्रो. मीनू सिंह, नेत्र रोग विशषज्ञ डॉ. अरुण कुमार, डॉ. राहुल, डॉ. कोमल शाह, डॉ. जानवी भंडारी आदि ने मरीजों की जांच की। अध्यक्षता विधायक तिलकराज बेहड़ ने की। वहां पर वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी, विपिन जल्होत्रा, दिनेश भाटिया, अमनदीप नेगी, संदीप कुमार, हरीश खानवानी, सूरज सिंह राणा आदि थे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

## स्व० एनडी तिवारी की जयंती और पुण्यतिथि स्मृति दिवस के रूप में मनाई

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री विकास पुरुष स्व० एनडी तिवारी की जयंती और पुण्यतिथि जिला महानगर कांग्रेस द्वारा स्मृति दिवस के रूप में मनाई गई।

इस मोके पर महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा की पंडित एनडी तिवारी को विकास पुरुष के नाम से जाना जाता था उन्होंने उत्तराखंड ही नहीं संपूर्ण राष्ट्र में विकास की स्थापना की उत्तराखंड के पहले निर्वाचित मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश में उद्योगों का जाल फैलाया और स्थानीय उद्योगों में 70% आरक्षण स्थानीय लोगों के लिए सुनिश्चित किया जिससे पहाड़ के लोगों का पलायन रोकने में बहुत बड़ी सफलता मिली।

जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल ने पंडित नारायण तिवारी द्वारा किए गए अभूतपूर्व विकास कार्यों और मूल्यों की राजनीति का अनुसरण करने के लिए उन्हें याद करते हुए सरकार से अपील की की वह उत्तराखंड के विकास में पंडित जी द्वारा बताए हुए मार्ग का अनुसरण करें ताकि उत्तराखंड को एक आदर्श राज्य बनाया जाए। प्रमुख रूप से इस अवसर पर प्रमुख रूप से सतीश नैनवाल हेमंत बगडवाल, मलय बिष्ट, सुहैल सिद्दीकी, जया कर्नाटक, भगवती बिष्ट, राजेंद्र दुर्गापल, गोविंद बगड़वाल, प्रकाश पांडे, राधा आर्य, कमला तिवारी, लता पांडे, बबलू बिष्ट, उदित करायत मुन्ना तिवारी गीता बहुगुणा ताहिर हुसैन शोभा जोशी संजू उप्रेती राजेंद्र उपाध्याय, कौशलेंद्र भट्ट सौरभ भट्ट, जाकिर हुसैन किरण मेहरा आदि उपस्थित थे।

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## उपभोक्ता की लूट

*जब राज्य का गठन हुआ था, तब मैनुअल मीटर हटाकर डिजिटल मीटर लगाने के लिए निजी कंपनी को काम सौंपा गया था। मीटर मानक पर खरे नहीं उतरे और राज्य सरकार को नुकसान हुआ। दूसरी कंपनी को ठेका देकर डिजिटल मीटर लगाये गये। घर के बाहर मीटर लगाने का नियम बिजली चोरी रोकने के लिए किया गया। बरसात में पानी से मीटर खराब हो जाते हैं। उपभोक्ताओं के बिल गलत आते हैं। देश के कई राज्यों में स्मार्ट मीटर का विरोध किया जा रहा है। जहां स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, वहां उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट मीटर में खपत से ज्यादा बिजली बिल आ रहा है।*

उत्तराखंड सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि पुराने बिजली मीटर के बदले स्मार्ट मीटर लगाये जायेंगे। मीटर बदलने से पहले राज्य सरकार को उपभोक्ताओं के साथ बात करके स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और उनके सवालों के जवाब देने चाहिएं। सरकार बताये कि पहले से लगा मीटर क्यों हटाया जा रहा है, उसमें क्या त्रुटि है और स्मार्ट मीटर में क्या खूबी है? अगर पहले से लगाये गये मीटर में कोई त्रुटि नहीं है, तो उसे आखिर क्यों हटाया जा रहा है? उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद उपभोक्ताओं को ऊर्जा संकट से गुजरना पड़ रहा है। बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। जब राज्य का गठन हुआ था, तब मैनुअल मीटर हटाकर डिजिटल मीटर लगाने के लिए निजी कंपनी को काम सौंपा गया था। मीटर मानक पर खरे नहीं उतरे और राज्य सरकार को नुकसान हुआ। दूसरी कंपनी को ठेका देकर डिजिटल मीटर लगाये गये। घर के बाहर मीटर लगाने का नियम बिजली चोरी रोकने के लिए किया गया। बरसात में पानी से मीटर खराब हो जाते हैं। उपभोक्ताओं के बिल गलत आते हैं। देश के कई राज्यों में स्मार्ट मीटर का विरोध किया जा रहा है। जहां स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, वहां उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट मीटर में खपत से ज्यादा बिजली बिल आ रहा है। सरकार उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान नहीं निकाल पा रही है। उत्तराखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी राज्य सरकार से महत्वपूर्ण सवाल किये हैं। उन्होंने पूछा है कि उपभोक्ता को नहीं पता कि स्मार्ट मीटर के पीछे कौन है, किसकी कंपनी है, इसकी प्रमाणिकता क्या है और क्यों केन्द्र सरकार स्मार्ट मीटर लगाने के लिए राज्यों को बाध्य कर रही है? नेता प्रतिपक्ष का यह भी कहना है कि उपभोक्ता से मीटर की लागत, मीटर के डेटा प्रबंधन से लेकर साइबर सुरक्षा और रखरखाव का खर्चा वसूल किया जायेगा। यह सब काम किसी एजेंसी को ठेके पर दिया जायेगा। ऊर्जा निगम का पूरे देश में विशाल बुनियादी ढांचा होने के बाद ठेके पर काम कराना, सरासर उपभोक्ता की लूट है। लाइन में फाल्ट होने पर ऊर्जा निगम का लाइन मैन अब नहीं आता है, यहां तक कि उपभोक्ता द्वारा पूछताछ की सेवा भी निजी हाथों में सौंप दी गई है। सरकार का दबाव है कि स्मार्ट मीटर नहीं लगाने वाले राज्य को बिजली क्षेत्र में सुधार और विकास के लिए धन नहीं दिया जायेगा। उत्तराखंड में विद्युत दर में लगातार वृद्धि होने से गरीब लोगों के लिए बिजली बिल चुकाना मुश्किल साबित हो रहा है। बिना कोई सूचना के बिजली काट दी जाती है। लोगों को बिजली के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। उपभोक्ता को निर्बाध बिजली आपूर्ति का उपाय नहीं किया जा रहा है। उपभोक्ता पर बोझ बढ़ाया जा रहा है।

# मां नंदा सुनंदा पर अभद्र टिप्पणी से हिंदूवादी संगठनों में रोष

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नैनीताल में ऐतिहासिक श्री मां नंदा देवी महोत्सव के दौरान कदली वृक्ष कार्यक्रम के एक वीडियो पर इंस्टाग्राम में अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर नैनीताल में लोगों ने शुक्रवार को चक्का जाम कर दिया। शहर के 100 से ज्यादा लोगों ने कोतवाली के आगे बीच सडक़ में बैठकर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, जिसके चलते शहर भर में लम्बा जाम लग गया और लोग परेशान रहे।

बता दें कि मां नंदा देवी महोत्सव के दौरान कदली वृक्ष के नगर भ्रमण की एक पोस्ट पर इंस्टाग्राम पर एक व्यक्ति ने अभद्र टिप्पणी की थी जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने पुलिस से की लेकिन लोगों का कहना है कि पुलिस की ओर से बार-बार गुजारिश करने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिसको लेकर हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोगों ने पंत पार्क में धरना देना शुरू कर दिया था। धरने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर हिंदूवादी संगठन व अन्य लोगों ने पंत पार्क से कोतवाली तक जुलूस निकालकर विरोध दर्ज किया था लेकिन उसके बाद भी पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

दूसरी ओर पुलिस की कार्रवाई से नाकुश होकर शुक्रवार को शहर के लोगों ने कोतवाली के आगे बीच सडक़ में बैठकर चक्का जाम कर दिया। इस दौरान पुलिस की खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एसपी व सीओ समेत पुलिस के कई अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत करने की कोशिश की लेकिन लोग मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अडे रहे। इस देर तक मुकदमा दर्ज नहीं करने पर पुलिस मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। इस दौरान नितिन सिंह कार्की, मनोज जोशी, कविता गंगोला, भावना रावत, हीरा बिष्ट, भारती साह, विनीता पांडे, विवेक वर्मा, तरुण कंसल, हेमन्त वेदी व अनिल ठाकुर ,मनोज कुमार, पंकज बिष्ट, सूरज कुमार, प्रेम, वैभव अग्रवाल, अभिवंश, राहुल, आयुष भंडारी, प्रेमा अधिकारी समेत सैकडों लोग मौजूद रहे।

आंदोलनकारियों के उग्र तेवरों को देखते हुए लगभग दो घंटे तक सडक़ में यातायात ठप रहा जिसके चलते स्थानीय लोग व पर्यटक परेशान रहे जिसके बाद पुलिस को यातायात डायवर्ड करना पड़ा।

मामले में एसपी (यातायात व अपराध) हरबंश सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि मां नंदा सुनंदा मेले के दौरान इस्टाग्राम में जो अभद्र टिप्पणी की थी उसके सापेक्ष उस पोस्ट को डिलिट करवा दिया था। बाद में एक एफआरआई कोतवाली को मिली थी जिसको कोतवाली ने साईबर सेल को भेज दिया था। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों की ओर से मुझसे व पुलिस कप्तान से मामले में कोई वार्ता नहीं की। कहा कि जाम लगाना किसी भी दशा में ठीक नहीं है। कहा कि हाइवे जाम करना अपराध है इसमें भी कार्रवाई की जाएगी।

## के वापस लेने की धमकी पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज के निर्देश

**नैनीताल** । जिला न्यायालय में शुक्रवार को गवाही के लिये आये एक व्यक्ति को केश वापस लेने के लिये दूसरे पक्ष के जमानती ने कोर्ट परिसर में धमका दिया और केश वापस न लेने पर उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई ।

पीडित व्यक्ति ने इस घटना की लिखित सूचना जिला एवं सत्र न्यायाधीश को दी जिस पर कोर्ट ने तल्लीताल थानाध्यक्ष को निर्देश दिए कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। बता दें कि शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुबीर कुमार की अदालत में गोपाल दत्त बेलवाल बनाम सरकार मामले में रमेश चन्द्र पुत्र स्व.हरक राम अभियोजन पक्ष की ओर से गवाही के लिये आया था जबकि गोपाल बेलवाल का जमानती नवीन चन्द्र पुत्र मनोहर दत्त निवासी बजून हॉल निवासी सूखाताल भी कोर्ट में मौजूद था, जहां नवीन चन्द्र ने गवाह रमेश चन्द्र के साथ गाली गलौच करते हुए केश वापस लेने के लिये धमकाया। मामले को गम्भीरता से लेते हुए जिला न्यायालय ने तल्लीताल थानाध्यक्ष को आरोपी नवीन चन्द्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश देते हुए अगली सुनवाई की तिथि 11 नवम्बर निर्धारित की है ।

# पौराणिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल। हिमालय की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण,सवर्धन तथा विकास हेतु पारम्परिक पौराणिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विशेष आयोजन शुक्रवार को नैनीताल के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में किया गया।

बता दें यह आयोजन संस्कृति के संरक्षण सर्वधन एवं विकास हेतु समर्पित मुलुक लोक कला एवं सांस्कृतिक संस्थान लखनऊ शाखा ऊंचावाहन मासी उत्तराखण्ड द्वारा सेन्ट्रल नोडल एजेन्सी उत्तर पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र दीमापुर नागालैण्ड, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि कालेज के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता तथा विशिष्ट अतिथि उप प्रधानाचार्य रश्मि नेगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व संस्था के महासचिव चंदन सिंह मेहरा तथा संरक्षक अनीता सिंह ने अतिथियों का स्वागत प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया साथ ही मंजू जोशी,गीतिका नेगी और नेहा आर्या को भी अनीता सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। संस्था के महासचिव चंदन मेहरा द्वारा संस्था परिवार से सभी का स्वागत किया गया। मेहरा ने बताया कि संस्था के कलाकारों ने 20 दिवसीय झोड़ा, चांचरी, छपेली एवं उत्तराखंड की पारम्परिक लोक कलाओं लोक नृत्यों के प्रशिक्षण के उपरान्त शुक्रवार को कालेज में यह कार्यक्रम किया जा रहा है।




मुख्य अतिथि मेहता ने कहा कि लोक संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए इस तरह के कार्यक्रमों से युवा पीढ़ी को परिचित करना बेहद जरुरी है। कहा कि कालेज में कार्यक्रम आयोजित कर युवा पीढी के माध्यम से इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी हो सकेगा। उन्होंने संस्था के प्रयासों को सराहा। कार्यक्रम का संचालन उमेश कांडपाल ने किया।

इससे पूर्व सर्वप्रथम नंदा सुनंदा की वंदना ओ नंदा सुनंदा तू देंडी है जाए.. से की गयी। उसके बाद कलाकारों ने झोड़ा सिलगड़ी का पाला छाला गिन खेलनया गड़ा... प्रस्तुत किया। निर्देशन रश्मि रावत, सहायक निर्देशन तान्या मेहरा, नृत्य निर्देशन दीपा नगरकोटी, संगीत निर्देशन चंदन मेहरा का रहा। अन्य कलाकारों में क्रमशः भुवन कुमार, नेहा आर्या, दीपा, बबीता, तनु, रजनी, तारा, प्रीति, रिया, तान्या, शीतल,लवी अधिकारी, जीवन, महिपाल, संदीप, हरीश,हिमांशु, धीरज, लक्ष्मण शामिल रहे जबकि वाद्य कलाकारों में संजय कुमार, गौवर, भूवन कुमार, बॉसुरी व कैलाश ने सहयोग किया। अंत में संस्था के महासचिव चंदन सिंह मेहरा ने भी का आभार जताया। इस अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर विषय पर दर्शकों को जानकारी दी तथा प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी।

# फिल्मी दुनिया

## आलिया की जिगरा पर भारी पड़ी विक्की विद्या



*सिनेमाघरों में हालिया रिलीज हुई बॉलीवुड से लेकर साउथ फिल्मों तक का हाल बेहाल नजर आ रहा है। जहां 10 अक्टूबर को रजनीकांत और अमिताभ बच्चन की बहुप्रतीक्षित फिल्म वेट्टैयन ने दस्तक दी तो वहीं, 11 अक्टूबर को आलिया भट्ट और वेदांग रैना की फिल्म जिगरा और राजकुमार राव-तृप्ति डिमरी की फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो थिएटर में आई। वहीं, 27 सितंबर को रिलीज हुई जूनियर एनटीआर, सैफ अली खान और जान्हवी कपूर की फिल्म देवरा पार्ट वन भी दर्शक जुटाने के लिए संघर्ष करती नजर आ रही है।*

*80 करोड़ रुपये के बजट में बनी आलिया भट्ट और वेदांग रैना अभिनीत फिल्म जिगरा बॉक्स ऑफिस पर दम तोड़ती नजर आ रही है। वसन बाला के निर्देशन में बनी इस फिल्म में आलिया भट्ट का एक्शन अवतार देखने को मिला है। बावजूद इसके फिल्म रिलीज के बाद से ही विवादों में घिरी हुई है और इसका नतीजा इसके कलेक्शन पर भी साफ दिख रहा है। जिगरा ने टिकट खिड़की पर 4 करोड़ 55 लाख रुपये की ओपनिंग ली थी। इसने दूसरे दिन 6 करोड़ 55 लाख रुपये का कारोबार किया था। तीसरे दिन इसने अपने खाते में 5.5 करोड़ रुपये जोड़े थे। चौथे दिन इसने 1 करोड़ 65 लाख रुपये की कमाई की। पांचवें दिन इसका कारोबार 1.6 करोड़ रुपये रहा। छठे दिन की बात करें तो आलिया की जिगरा ने 1.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिससे इसका टोटल कलेक्शन 21.10 करोड़ रुपये ही हो पाया है।*

### छठे दिन 1.43 करोड़ रुपये पर

*राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो 11 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों और समीक्षकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। दशहरे के त्योहार के अवसर पर इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज हुए छह दिन पूरे हो गए हैं। तकरीबन 30 करोड़ रुपये के बजट में बनी विक्की विद्या का वो वाला वीडियो ने अपनी रिलीज के छठे दिन 1.43 करोड़ रुपये का कारोबार किया।*

# उत्तराखंड में विकास को बढ़ावा देने के लिए आईआईएम में हुआ मंथन

**काशीपुर**

**हमारे संवाददाता**

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) काशीपुर में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की राज्य परिषद सदस्यों की चौथी बैठक आयोजित की गई। इसका उद्देश्य उत्तराखंड और उत्तरी क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों पर मंथन किया गया।

आईआईएम काशीपुर के प्रभारी निदेशक प्रोफेसर सोमनाथ चक्रवर्ती ने कहा कि हम उद्योग और आईआईएम काशीपुर के बीच संबंधों को गहरा और व्यापक बनाना चाहते हैं। सीआईआई उत्तराखंड के चेयरमैन कनिष्क जैन ने कहा कि आईआईएम का सीआईआई में सक्रिय होना उत्तराखंड में उन उद्योगों के लिहाज से एक महत्वपूर्ण कदम है, जो विकास के लिए तैयार हैं। आईआईएम काशीपुर के डीन (डेवलपमेंट) प्रो. कुणाल गांगुली ने कहा कि आईआईएम काशीपुर उद्योग के अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम और इन-कंपनी प्रोग्राम भी संचालित करता है। इस अवसर पर पंतनगर एयरपोर्ट की डायरेक्टर मोनिका डेम्बला व एवीपी और मेधा की राज्य प्रमुख नूपुर रमन ने भी विचार साझा किए।

### 1000 छात्र संगठनों के विकास में दे रहे योगदान

संकाय सदस्य और सीआईआई-यूके राज्य परिषद के सदस्य वैभव भमोरिया ने कहा कि आईआईएम काशीपुर एक विशेष लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से उत्तराखंड राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। ऐसे कार्यक्रम में अलग-अलग बैच में लगभग 1000 छात्र जुड़े हैं और इस तरह वे छोटे संगठनों के विकास के लिए योगदान दे रहे हैं।

## News कॉर्नर

### पर्यटक को बिना लाईसेंस स्कूटी ले जाना पड़ा भारी

**नैनीताल ।** काठगोदाम से पर्यटक को बिना लाईसेंस स्कूटी नैनीताल जाने के लिए किराए में दे दी। नैनीताल में पुलिस ने चैकिंग के दौरान स्कूटी सीज कर दी। जानकारी के अनुसार दिल्ली से नैनीताल घूमने पहुंचे दो पर्यटक शुक्रवार को काठगोदाम पहुंचे। जंहा से उन्होंने एक टैक्सी स्कूटी किराए में ली। इस दौरान टैक्सी स्वामी ने बिना ड्राइविंग लाइसेंस देखे ही पर्यटकों को स्कूटी किराए में दे दी। जिसके बाद किराए की स्कूटी से दोनो पर्यटक नैनीताल पहुंच गए। मल्लीताल पंत पार्क के समीप युवक को बिना हेलमेट स्कूटी चलाने पर यातायात पुलिस व सीपीयू ने रोक लिया। जब पुलिस ने युवक से ड्राइविंग लाइसेंस मांगा तो उसने लाइसेंस नहीं होने की बात कही। पर्यटकों ने बताया कि उनसे स्कूटी किराए में देने के दौरान ड्राइविंग लाइसेंस नहीं मांगा गया था। टीएसआई हरीश फर्त्याल ने बताया कि बिना डीएल स्कूटी किराए में देने पर स्कूटी स्वामी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्कूटी सीज कर दी है।

### महादेव के जयकारों के साथ उत्तरकाशी पहुंची छड़ी यात्रा


**उत्तरकाशी।** श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े की छड़ी यात्रा शुक्रवार को जिला मुख्यालय पहुंची। इस दौरान शहर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। यात्रा में शामिल साधु-संतों ने प्राचीन काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए। यात्रा शनिवार आज भटवाड़ी के निकट लाटा से गंगोत्री धाम के लिए रवाना होगी। शुक्रवार दोपहर में उत्तरकाशी पहुंचने पर श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े की छड़ी यात्रा का मुख्यालय पहुंचने पर हिंदू संगठनों और नायब तहसीलदार जगेंद्र सिंह चौहान व राजस्व उप निरीक्षक दशरथ प्रसाद नौटियाल ने स्वागत किया।

# गेठिया में मानसिक रोगियों के लिए 100 बेड के अस्पताल की जगह चिंहित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

वर्तमान जीवन शैली के चलते लोग तेजी से मानसिक रोग का शिकार हो रहे हैं। वहीं पूरे कुमाऊं में अब तक कोई मानसिक अस्पताल न होने के कारण मानसिक रोगियों के परिजनों को रोगी इलाज के लिए दर दर भटकना पड़ता है लेकिन अब कुमाऊं मंडल ही मानसिक रोगियों को क्षेत्र में बेहतर इलाज मिल पाएगा।



नैनीताल के गेठिया क्षेत्र में अब मानसिक अस्पताल खुलने जा रहा है। इसके लिए शासन से 44 करोड़ रुपये का बजट जारी हो चुका है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्यदायी संस्था ब्रिडकुल को बजट जारी कर दिया गया है अब जल्द ही अस्पताल का काम शुरू कर दिया जाएगा। बता दें कि कुमाऊं में मानसिक रोगियों के लिए कोई भी सरकारी मानसिक अस्पताल नहीं है। जिसके चलते मानसिक बीमारी झेल रहे कई मरीजों को इलाज के लिए दूर दराज जाना पड़ता है। जहां रोगी के परिवार का समय व पैसा दोनों खर्च होते हैं। लेकिन अब नैनीताल के गेठिया सेनेटोरियम में कुमाऊं का पहला मानसिक अस्पताल बनने जा रहा है। एक साल के भीतर मानसिक अस्पताल बन जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग ने 100 बेड के इस अस्पताल के लिए गेठिया सेनिटोरियम में जगह चिंहित कर ली है। जो मानसिक रोगियों के लिए एक सामान्य अस्पताल की तरह होगा। लेकिन यहाँ मानसिक रोगियों को पूरा इलाज व दवाएं दी जाएंगी। इसके साथ ही सलाह व थेरेपी की भी सुविधा मरीजों को अस्पताल में मिल पाएगी। शासन की ओर से 44 करोड़ रुपया स्वीकृत किया जा चुका है। जिसमें से ब्रिडकुल कंपनी को तीन करोड रुपया काम शुरू करने के लिए हस्तांतरित कर दिया है। सीएमओ डा. हरीश चंद्र पंत ने बताया कि ब्रिडकुल कंपनी को कार्य शुरू करने के लिए तीन करोड़ रुपये हस्तांतरित किए जा चुके हैं। क्षेत्र में मानसिक अस्पताल बनने से पूरे समूचे कुमाऊं को इसका लाभ मिलेगा। एक वर्ष के भीतर अस्पताल बनकर तैयार होना है। इसके लिए गेठिया सेनिटोरियम बहुत उपयुक्त स्थान है।

# करवाचौथ कल: सज गए बाजार सुहागिनें खरीद रहीं आभूषण व परिधान

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

सुहागिनों के लिए खास माने जाने वाले करवाचौथ व्रत की तैयारी अब अंतिम दौर में पहुंच गई है। बाजार में हर तरफ रौनक है। इस बार त्योहार कल 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। महिलाएं देर शाम खरीदारी करती नजर आ रही हैं।

हल्द्वानी में हर जगह बाजारों में परिधान, ज्वेलरी और सुहाग से जुड़ी सामग्रियां अलग-अलग कीमत और डिजाइन में उपलब्ध कराई जा रही हैं। बाजार में ज्वैलरी खरीदारी के साथ मेंहंदी के लिए फ्री ऑफर रखा गया है।। पूजा सामग्री व होम डेकोरेशन के स्टॉल की इस बार फूल गेंदा स्टाइल वाले करवा की थाली की ज्यादा डिमांड है। इसे गुलाबी, हरे और पीले रंग वाले छोटे-छोटे फूल गेंदो से आकर्षक अंदाज में सजाया गया है। इसके अलावा आरती की थाली में भी



प्रयोग किया गया है। उसमें अलग-अलग पूजन सामग्री रखने के लिए जगह बनाया गया है। उसे मोतियों, स्टोन और गोटे से सजाया गया है।

वहीं, ज्वेलरी विक्रेताओं का कहना है कि करवाचौथ जैसे त्योहार पर महिलाएं सबसे ज्यादा कुंदन के सेट पसंद कर रही हैं, जो अलग-अलग रंगों के शेड में उपलब्ध है। एंटीक के साथ ही स्टोन वर्क वाली ज्वेलरी की भी अच्छी डिमांड है, क्योंकि अब महिलाएं सोने-चांदी के आभूषण के बजाय परिधान से मैचिंग करती हुई ज्वेलरी लेना ज्यादा पसंद करने लगे हैं। ड्रेस डिजाइनर मुस्कान ने बताया कि फेस्टिवल सीजन में सबसे ज्यादा कुंदन स्टोन जारी गोटा पत्ती हैंड वर्क जैसी कढ़ाई हो दिया जाता है। इस बार इन सजावटी विकल्प ऑन के साथ सिमर जॉर्जेट वाले सूट की ज्यादा मांग है। कॉलेज जाने वालीं लड़कियों के साथ ही महिलाओं को हॉट पिंक रंग वाले परिधान सबसे ज्यादा आकर्षित कर रहे हैं।

# एसएसजे के शिक्षणेतर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**अल्मोड़ा**

हमारे संवाददाता

**चेतावनी**

● समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

पांच सूत्री मांगों के लिए एसएसजे विश्वविद्यालय के शिक्षणेतर कर्मियों ने विवि प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने विवि के खिलाफ नारेबाजी की। जल्द समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

शिक्षणेत्तर कर्मी मंगलवार को विवि के प्रशासनिक भवन पहुंचे और दो घंटे कार्य बहिष्कार करने के बाद विवि प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। शिक्षणेतर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जीवन चंद्र मठपाल ने कहा कि एसएसजे विवि बनने के बाद भी कर्मचारियों का पीएफ खाता कुमाऊं विवि से ही संचालित होता है। इससे समय पर उनका पीएफ जमा नहीं हो पाता है।

दस से अधिक वर्षों से कई कर्मचारी यहां कार्य कर रहे हैं लेकिन अब तक वे स्थायी नहीं हो सके हैं। उन्होंने कार्मिकों को न्यायालय के आदेशों के मुताबिक कार्य परिषद की बैठक में समायोजन की कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही कार्मिकों के पटल परिवर्तन व स्थानांतरण करने की भी मांग की ताकि उन्हें पदनाम के सापेक्ष कार्य मिल सके।

कुमाऊं विवि की तरह नियमित कार्मिकों को पांच हजार व दैनिक वेतन कर्मचारियों को 25 सौ का मानदेय, प्रशासनिक भवन व बागेश्वर, पिथौरागढ़, चंपावत परिसर के लिए कार्मिकों की भर्ती आदि की भी मांग की। जल्द समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। प्रदर्शन में सचिव राजेंद्र सिंह राणा, अंशुमन पंत, गुलाब राम, केवलानंद पाठक, दान सिंह कनवाल, गणेश भंडारी, राकेश साह, भीम सिंह, हरेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह कनवाल, नीरज कनवाल, हेमलता अवस्थी, गीता रावत, विमला, दिनेश, प्रेम सिंह, ललित सिंह आदि मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन



**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

लोक निर्माण विभाग से सेवानिवृत होने के बाद बीते 10 वर्षों से प्रकृति पर चित्रकला कला कर रहें घनश्याम चौधरी की ओर से न्यू क्लब सभागार में अपने चित्रों की तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन जा रहा है। शुक्रवार को प्रदर्शनी का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि

आम्रपाली विश्वविद्यालय लामाचौड़ (हल्द्वानी) के कुलपति प्रो. नरेन्द्र सिंह बिष्ट ने किया। इस मौके पर प्रो. बिष्ट ने चित्रकार घनश्याम चौधरी द्वारा बनाई गई पेंटिंग की सराहना की। कहा कि कला समाज का आईना है,कुछ लोग अच्छा बोलते हैं लेकिन कुछ शब्दों को कला के माध्यम से व्यक्त करते हैं तथा प्रकृति को समझ सकते हैं। चौधरी की पेंटिंग लोगों को प्रकृति से जोडने़ का कार्य कर रही है। आयोजक घनश्याम चौधरी ने बताया कि पेंटिंग करना उनका बचपन से शौक रहा है। उन्होंने बताया की मेरे द्वारा बनाई जा रही पेंटिंग का उद्देश्य लोगों को प्रकृति से जोडऩा है। सबसे पहले वर्ष 1997 में बाल भवन दिल्ली मं उनके चित्रों की प्रदर्शनी लगी थी। कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद अपने प्रकृतिक चित्रण की हॉबी को जिन्दा रखते हुए दिल्ली, जयपुर व अन्य शहरों में अपनी पेंटिंग की प्रदर्शनियों लगाई गई हैं। पेन्टिंग भारत समेत पोलैंड, सिंगापुर व मॉरीशस में भी प्रदर्शित हो चुकी हैं। इन जगहों में लगाई गई चित्रकला प्रदर्शनीय लोगों द्वारा पसंद की गई है। मेरे द्वारा बनाई जा रही पेंटिंग का एक मात्र उद्देश्य पर्यावरण को बचाना तथा लोगों में जागरूकता लाना है। इस दौरान मनीष चौधरी, पीयूष सिंह बिष्ट, दिग्विजय साह, कुन्दन सिह बिष्ट,अंजू जगाती, सुरेश मेहता तथा अपूर्व मेहता आदि मौजूद रहे।

### छात्रसंघ चुनाव तारीख को लेकर बनी संशय की स्थिति

**काशीपुर।** छात्रसंघ चुनाव की तारीख को लेकर दावेदारों में संशय की स्थिति बनी हुई है। छात्रों का कहना है दीपावली, छठ पूजा जैसे महत्वपूर्ण त्योहार आने वाले हैं, इसलिए चुनाव की तारीख अब त्योहारों की बाद ही घोषित की जाए। कुमाऊं विश्वविद्यालय से जुड़े महाविद्यालयों में अब तक कयास लगाए जा रहे थे कि छात्रसंघ चुनाव 25 अक्तूबर तक हो जाएगा। शासन स्तर से अब तक कोई चुनाव तारीख की घोषणा नहीं होने से छात्रों में संशय की स्थिति बन गई है। दावेदारों का कहना है कि चुनाव तैयारी के लिए लगभग 8-10 दिन लगते हैं।

# महर्षि बाल्मीकि जयंती के सफल आयोजन पर सम्मानित किया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

महर्षि बाल्मीकि जयंती के सफल आयोजन के बाद बाल्मीकि समाज मंदिर समिति द्वारा शुक्रवार को कार्यक्रमों का विधिवत समापन किया गया है। इस दौरान आयोजन को सफल बनाने वाले लोगों को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ ही उन्हें सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नैनीताल के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता कुंदन सिंह बिष्ट तथा विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद की निवर्तमान सभासद सपना बिष्ट रही। बाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में मंदिर समिति



की ओर से पुरस्कृत भी किए गए। आयोजन को सफ ल बनाने में मंदिर समिति सभी लोग शामिल रहे। इस दौरान बाल्मीकि समाज मंदिर समिति तल्लीताल के अध्यक्ष धीरज कटियार, सचिव संजय सिरोही, उपाध्यक्ष सतीश पवार, उप सचिव मोहित देनीवाल, कोषाध्यक्ष सुनील पवार,बाल्मीकि समाज के सरपंच गिरीश भैय्या समेत कमल सिलेलाल, जगदीश भैय्या, राहुल पुजारी,धर्मेंद्र कुमार, कमल कटियार, दिनेश कटियार, सोनू सहदेव, धर्मेंद्र प्रसाद, कमल सिलेलाल अभिषेक मुल्तानी, राजेंद्र प्रसाद, सुदेश पवार, समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

# विजेता टीमों के खिलाडियों से मुलाकात कर प्रोत्साहित किया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

डीएसए मैदान में जिला प्रशासन नैनीताल के सहयोग से नैनीताल हॉकी एकेडमी द्वारा आयोजित एवं सेंचुरी पल्प एंड पेपर लालकुआं द्वारा प्रायोजित अखिल भारतीय महिला हॉकी कप के शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में नैनीताल नैनीताल हॉकी एकेडमी ने हल्द्वानी को 2-1 अंकों से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या तथा विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद के नव नियुक्त अधिशाषी अधिकारी दीपक गोस्वामी, एन.के. आर्या चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष मोहित आर्या तथा डीएसए के महासचिव अनिल गढिया ने विजेता व



उप विजेता टीमों के खिलाडियों से मुलाकात कर प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के आयोजक सचिव कैलाश बोरा ने बताया कि बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अनीता बोरा, प्रोमिसिंग प्लेयर विमलेश तथा रेनू एवं हेमा को दिया गया। एन के आर्या चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष मोहित आर्या एवं मॉर्निंग क्लब द्वारा नगद पुरस्कार दिए गए। आयोजक संस्था नैनीताल हांकी एकडेमी के महासचिव ओलंपियन राजेन्द्र सिंह रावत ने सह प्रायोजक नैनीताल बैंक एवं दि कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक का धन्यवाद ज्ञापित किया। अंपायर डा. मनोज सिंह बिष्ट एवं मंजुल प्रकाश सनवाल रहे। प्रतियोगिता के सफल संचालन में तकनीकी कमेटी में दीपक साह, संजय गुप्ता, राजेश साह एवं अनिल रावत मौजूद रहे।

इस दौरान नैनीताल हॉकी एक डेमी के अध्यक्ष मुकेश जोशी समेत घनश्याम लाल साह, मनोज साह, जगदीश चंद्र बवाड़ी, चन्द्र लाल साह, भुवन बिष्ट, देवेंद्र साह, अजय साह, विमल चौधरी, राजेन्द्र लाल साह, राजेन्द्र सिंह बिष्ट, बहादुर रावत, अक्षय चौधरी, हरीश चौधरी, अतुल साह, सुदर्शन लाल साह, मोहित लाल साह, गोधन सिंह बिष्ट,मनीष, संदीप, हिमांशु, दीपक तथा आनंद सिंह बिष्ट व भगवान सिंह कुवंर समेत खेल प्रेमी मौजूद रहे। संचालन प्रो. ललित तिवारी एवं हरीश सिंह राणा ने किया।